कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602
AISHE Code : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 11/09/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में संगवारी मड़ई
# छत्तीसगढ़ रजत जयंती उत्सव के अन्तर्गत भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह ''संगवारी मड़ई'' का आयोजन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में छत्तीसगढ़ रजत जयंती उत्सव के अन्तर्गत भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह ''संगवारी मड़ई'' का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया।

प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने अपने प्रदेश की संस्कृति की जानकारी के महत्त्व को बताया एवं भूतपूर्व छात्राओं के योगदान की सहारना की, उन्होंने कहा कि महाविधलय की छात्राएँ समाज की विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएँ दे रही जिनपर हमे गर्व करता है। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने सभी संगवारियों का स्वागत करते हुए भूतपूर्व छात्रा संघ द्वारा महाविद्यालय एवं छात्रा हित में किये गये कार्य जैसे गर्ल्स कॉमन रूम, इनक्युबेशन रूम , डोमशैड, एमए होमसाइंस एवं पीजीडीसीए जैसी उपलब्धियों की जानकारी दी।

छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित इस आयोजन में वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्राओं द्वारा लोग नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं गीतों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर दूरदराज़ से अलुमि आयी और संगवारी मड़ई का आनंद लिया। स्वादिष्ट छत्तीसगारी व्यंजन एवं सेल्फ़ी पॉइंट आकर्षण का केंद्र रहे।

भूतपूर्व छात्रा संघ की कोषाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव के ने कहा कि सभी भूतपूर्व छात्राओं को उनके द्वारा दिये जाने वाले विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम, आथिति व्याख्यान, वीक्षण कार्य, अनेक प्रशिक्षण कार्यशाला आदि के माध्यम से महाविधलय को सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया एवं मीठी यादों को लिए, आगामी वर्ष मिलने के वादे के साथ सब विदा हुए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मोनिया राकेश सिंह ने किया तथा छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

**टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## छत्तीसगढ़ रजत जयंती उत्सव के अन्तर्गत भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह "संगवारी मड़ई" का आयोजन







